UNIVERSITY NEWS 25 NOVEMBER 2026

HINDUSTAN TIMES

{ LU'S 106TH FOUNDATION DAY TODAY }

From classrooms to leadership, LU alumni recall lessons beyond books

HT Correspondent
letters@htlive.com

LUCKNOW: For the alumni of Lucknow University (LU), returning to the campus was more than a ceremonial visit. It was a journey back to the corridors, classrooms and hostels that shaped their personalities, instilled lifelong values and prepared them to navigate the world. On the eve of the university's 106th Foundation Day, academicians, former vice-chancellors, media professionals and other distinguished alumni gathered on the campus to revisit their student days and express gratitude to their alma mater.

At a felicitation ceremony attended by vice-chancellor Prof JP Saini, folk singer Malini Awasthi, LU Alumni Association general secretary Prof Dhruvsen Singh and organising committee member Prof Poonam Tandon, the alumni recalled how the institution had shaped their personal and professional journeys.

They spoke less of syllabi and more of a campus that taught them how to navigate life, explore their inner selves and carry the values that shaped them into leaders of today.

Among those honoured were Prof Manoj Dixit, former vice-chancellor, Maharaja Ganga Singh University, Bikaner; Prof Anil Shukla, former vice-chancellor, Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly; Prof CP Barthwal, former vice-chancellor, Hemwati Nandan Bahuguna Garhwal University, Uttarakhand and Prof Balraj Chauhan, former vice-chancellor, Dr Ram Manohar Lohia National Law University, Lucknow and Dharmashastra National Law University, Jabalpur; Prof Poonam Tandon, former vice-chancellor, Deen Dayal Upadhyay Gorakhpur University.



On the eve of Lucknow University's Foundation Day, distinguished alumni who once walked its corridors as students were felicitated on Tuesday. DEEPAK GUPTA/HT

WHEN FILES REPLACED SCHOOLBAG: PROF CP BARTHWAL


Prof CP Barthwal

"I was enrolled in the university in the 1960s in Bachelor of Arts. What changed as soon as I entered BA first year was that the bag was replaced with a file and punch papers, which were used to take notes. Even walking in the verandah of the arts quadrangle and climbing the teak staircase used to make us mature enough to understand that this is a university and we are no longer in school," said Barthwal. He recalled how the small PhD first year batch got a dedicated table and chair in Tagore Library, then the best in India. He also remembered life at Narendra Hostel, whose mess taught early table manners. He recounted how students sometimes sought a "recommended special diet" from dispensary doctors — Malhotra Sahab or Vineet Sharma ji — when they grew tired of regular meals. Because a young man wouldn't stay full on milk, bread, butter and an omelet alone, he remembered renting a bicycle for four annas an hour or ₹1 overnight and riding to Madras Mess near Gandhi Ashram in Hazratganj for 20-paise dosas with plenty of chutney and sambhar. He also recalled a tutorial test in the PG Block when rising Gomti floodwaters covered the road and made them think the test would be cancelled, only for the water to recede by morning and the exam to go ahead anyway.

A DEBT THAT CAN NEVER BE REPAID: PROF MANOJ DIXIT


Prof Manoj Dixit

Standing on stage with the V-C, the moment felt like a full circle for a journey that began on the campus in 1982, said Dixit. "We used to wonder if we would ever be invited to that side of the room — and feeling that no greater fortune could follow than returning there. In the last four decades, I felt every moment, value and piece of identity had grown out of its grounds, a debt that could never be repaid," he added. He recalled spirit of LU — how even when Alumni Assn was led for 9 years and someone asked if anyone there was ever serious, the answer was that work was taken seriously, even if people themselves were not.

PROF BALRAJ CHAUHAN CARRIED LU'S IMPRINT AND VALUES

Welcomed as a legal scholar and former vice-chancellor, he spoke with warmth about colleagues, mentors and the enduring mark of the institution. He spoke of moving between the country and abroad while always carrying the imprint of Lucknow University and its faculty of law. He rendered a couplet showing how he dearly loved the university.


Prof Balraj Chauhan

THIS UNIVERSITY TAUGHT ME WHAT REAL LEARNING MEANS: PROF ANIL SHUKLA


Prof Anil Shukla

Shukla compared himself to a stone on the roadside placed upon a temple, saying every moment of his life felt indebted to Lucknow University. "Coming from a village with little prior knowledge of the university, it taught me what real study meant. During my B Ed days, when a village dispute kept me away from classes, borrowing notes from a classmate, Madan Mohan Mishra, I ended up with a first class in theory while my friend got a third, realizing that making notes alone is not enough — how one presents ideas matters even more. The university shaped teachers and learners alike," said Shukla.


Prof Poonam Tandon

ITS CULTURE SETS IT APART: PROF POONAM TANDON

Having spent 40 years here — completing her undergraduate, postgraduate and doctoral studies on the campus, serving as a teacher, and still teaching there — she expressed deep thanks to the university for the honour. "What makes Lucknow University unique is its culture and the civilisation of Lucknow reflected in the behaviour of its students, teachers and alumni — a character I felt could hardly be found anywhere else in the world," said Tandon. She noted that being honoured at home carries a joy unmatched by any recognition elsewhere.

TIMES OF INDIA

When VCs were students: Tales of bunks, dosas and free movies

Anjanaya Singh | TNN

Ajay Kumar


(Clockwise from top) Prof C P Barthwal, Prof Balraj Chauhan, Prof Anil Kumar Shukla, Prof Manoj Dixit, and Prof Poonam Tandon

Lucknow: Distinguished alumni of Lucknow University took a trip down memory lane, reliving mischievous, spirited and formative moments from their campus days at a celebration held on Tuesday evening, on the eve of the university's foundation day. The alumni were felicitated by folk singer Malini Awasthi.

The alumni shared a rare bond with the institution: they studied at LU, returned as teachers and later went on to become vice-chancellors of universities across India.

Former Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University vice-chancellor Prof CP Barthwal recalled how students would often feign stomach aches at the university dispensary to secure a prescription for a "special diet" of milk, bread, butter and omelette. The meal, he said, was hardly enough for hungry students.

"We would rent bicycles for four annas an hour and cycle to Madras Mess in Hazratganj for dosas costing 20 paise. Unlimited sambar and coconut chutney were the real attraction," Barthwal said, drawing smiles from the audience.

Former Dr Ram Manohar Lohia National Law University vice-chancellor and founding VC of Dharmashastra National Law University, Jabalpur, Prof Balraj Chauhan recalled the charged political atmosphere at LBS Hostel. He recounted an incident during student union elections when student leader Subhash Chhabra was detained.

"About 200 students surrounded the police station to secure his release," he said, recalling the solidarity and mobilisation that hostel politics could generate.

Chauhan also recounted the lighter side of hostel life, including free movie outings.

"We would occupy Tulsi theatre, where the manager arranged extra chairs to accommodate everyone. We never paid for tickets," he said.

Former Maharaja Ganga Singh University vice-chancellor Prof Manoj Dixit remembered public administration teacher Prof SR Tiwari for his endearing forgetfulness. "Even after I joined as a PhD scholar, he would scold me for missing classes, forgetting I was no longer a student. It happened thrice before he realised his mistake. His scolding was my favourite," Dixit said.

He also recalled how his batch managed two consecutive study tours. After a first-year trip to Mumbai and Goa, they persuaded the department head to allow them another the following year. "Our little trick worked and we went on another study tour, this time to Kathmandu," he said.

Former Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University vice-chancellor Prof Poonam Tandon recalled carefree days on campus. "We would bunk 30% of our classes, hang out at canteens and explore Hazratganj and IT College Crossing," she said.

Former vice-chancellor Prof Anil Kumar Shukla, who has headed Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Khwaja Moinuddin Chishti Language University and Maharshi Dayanand Saraswati University, recalled a lesson in confidence and personality development from his student days.

He said he once borrowed notes from a classmate but ended up securing a first division while the classmate got a third, prompting teasing in class and adding to the evening's laughter.

On the occasion, six journalists, who are the alumni of Lucknow University, were also felicitated for making a mark in their field.

AMRIT VICHAR

बीएलएड परीक्षा केंद्रों की सूची जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

लविवि

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2026 की विषम सेमेस्टर (ऑड सेमेस्टर) की विज्ञान और कला संकाय के कई परास्नातक का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। बीएलएड विषम सेमेस्टर परीक्षा केंद्रों की सूची भी घोषित कर दी गई है। कला संकाय के अंतर्गत एमए ज्योतिर्विज्ञान तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 1 दिसंबर और प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 2 दिसंबर से होंगी। एमए मनोविज्ञान तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 3 दिसंबर से और प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 4 दिसंबर से प्रारंभ होंगी। पीजी डिप्लोमा इन काउंसलिंग प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 9 दिसंबर से 15 दिसंबर तक चलेंगी। जबकि विज्ञान संकाय के अंतर्गत एमएससी रिन्यूएबल एनर्जी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 12 दिसंबर से 21 दिसंबर तक सुबह 8:30 बजे से 11:30 बजे की पाली में संपन्न होंगी। बीएलएड विषम सेमेस्टर परीक्षा के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय को नोडल केंद्र बनाते हुए विभिन्न महाविद्यालयों को परीक्षा केंद्र निर्धारित किया है।

परीक्षा कार्यक्रम

- एमए ज्योतिर्विज्ञान तृतीय सेमेस्टर : एक दिसंबर से 10 दिसंबर
- एमए ज्योतिर्विज्ञान (प्रथम सेमेस्टर) : 2 दिसंबर से 11 दिसंबर
- एमए मनोविज्ञान (तृतीय सेमेस्टर) : 3 दिसंबर से 12 दिसंबर
- एमए मनोविज्ञान (प्रथम सेमेस्टर) : 4 दिसंबर से 15 दिसंबर
- पीजी डिप्लोमा इन काउंसलिंग (प्रथम सेमेस्टर) : 9 दिसंबर से 15 दिसंबर
- एमएससी रिन्यूएबल एनर्जी (प्रथम सेमेस्टर) : 12 दिसंबर से 21 दिसंबर

VOICE OF LUCKNOW

लविवि की फिजाओं में बिखरीं पुराने दिनों की सुगंध

- शिक्षा एवं पत्रकारिता जगत की 13 विभूतियां हुईं सम्मानित
- लविवि में 106वें स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ

विशेष संवाददाता (VOI)



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार को 106वें स्थापना दिवस समारोह एवं पूर्व छात्र मिलन समारोह का शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस से एक दिन पूर्व आयोजित इस विशेष समारोह में कवि सम्मेलन एवं विशिष्ट पूर्व छात्रों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व कुलपतियों, प्रतिष्ठित शिक्षाविदों एवं मीडिया जगत की हस्तियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

मालवीय सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में साहित्य, संस्कृति, शिक्षा एवं पत्रकारिता जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों के साथ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने की, जबकि लोक गायिका एवं पद्मश्री सम्मान से अलंकृत मालिनी अवस्थी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, संस्थानों के निदेशकों, विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों, पूर्व छात्रों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि मालिनी अवस्थी का कुलपति प्रो. जेपी सैनी द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया।

सम्मान समारोह की शुरूआत कुमाऊं विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. सीपी अर्थवाल के सम्मान से हुई। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी द्वारा 33 विभागों के कुल 169 शिक्षकों की पदोन्नति की प्रक्रिया को गति देने की पहल की सराहना की। प्रो. अलराज चौहान का समारोह में विशेष रूप से स्वागत एवं सम्मान किया गया। प्रो. मनोज दीक्षित, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर, राजस्थान के पूर्व कुलपति तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग के पूर्व प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष ने भी सम्मान समारोह के दौरान अपने अनुभव साझा किए। प्रो. अनिल कुमार शुक्ला, शिक्षाविद् एवं विश्वविद्यालय प्रशासक का भी स्वागत एवं सम्मान किया गया। वह महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली (2017-2020), ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के कुलपति के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। प्रो. पूनम टंडन, भौतिक विज्ञान विभाग की प्रोफेसर एवं दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति को भी उनकी विशिष्ट शैक्षणिक एवं प्रशासनिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार मनीष श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार प्रांशु मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण कुमार, वरिष्ठ पत्रकार भूपेंद्र पांडेय और वरिष्ठ पत्रकार राजन परिहार का लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र का स्वागत एवं सम्मानित किया गया।

साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संध्या ने बांधा समां : लविवि के मालवीय सभागार में कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया गया। इस साहित्यिक संध्या में कवियों, शायरों एवं साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को भावविभोर किया। कार्यक्रम में अंशु प्रिया दुबे, पंकज प्रसून, हसन काजमी, डॉ. हरिओम, समीर सैर एवं पद्मश्री मालिनी अवस्थी सहित अनेक रचनाकारों की उपस्थिति रही। लखनऊ के कवि, लेखक एवं मीडिया विशेषज्ञ हसन काजमी तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, कवि, कहानीकार एवं संगीतकार डॉ. हरिओम की उपस्थिति ने साहित्यिक आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की।

AMRIT VICHAR

सम्मान से अभिभूत हो यादों में खोए पूर्व छात्र

लखनऊ विश्वविद्यालय


पूर्व कुलपति बलराज चौहान को सम्मानित करतीं पद्मश्री मालिनी अवस्थी।


सम्मान लेते पूर्व कुलपति प्रो. सीपी अर्थवाल, प्रो. अनिल सुकला और पूनम टंडन।

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय के 106 वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर मालवीय सभागार के मंच पर कुलपति रहे और पत्रकारिता क्षेत्र में नाम रोशन कर रहे पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया। सम्मान से अभिभूत पूर्व छात्र पुरानी यादों में खो गए और अपने छात्र जीवन के खट्टे मीठे किस्से भी सुनाए। इसके बाद काव्य गोष्ठी हुई।

विधि की पूर्व छात्रा पद्मश्री मालिनी अवस्थी और कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने रोमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विधि व कुमाऊं विधि नैनीताल के पूर्व कुलपति प्रो. सीपी वर्त्वाल, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विधि के कुलपति प्रो. मनोज दीक्षित, सरदार पटेल की प्रो. पूनम टंडन, महात्मा ज्योतिबा फुले रोहेलखंड विधि कोलो के पूर्व कुलपति प्रो. अनिल सुकला, पूर्व कुलपति प्रो. दीपी तिवारी, संगृहनंद संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. विंटा प्रसाद मिश्र, डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विधि के पूर्व कुलपति प्रो. बलराज चौहान को शॉल ओढ़ाकर स्मृति चिह्न प्रदान किया। इसके अलावा पूर्व छात्र पराकर पुरोहित पांडेय, राजन परिहार, आशुतोष शुक्ला, मनीष श्रीवास्तव व प्रांशु मिश्रा को भी सम्मानित किया गया। प्रो. पूरणेन सिंह, प्रो. राकेश द्विवेदी, डॉ. भावना मिश्रा, प्रो. गौरीशंकर मिश्र, प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

स्थापना दिवस आज, उप मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

- विश्वविद्यालय के 106वें स्थापना दिवस पर आज उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक तथा भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. माधवी सिंह उपस्थित रहेंगे। आज प्रशासनिक, न्यायिक, वैभव व कॉर्पोरेट जगत के विशिष्ट पूर्व छात्रों को सम्मानित किया जाएगा।

सर्वोत्तम हुआ करता था टैगोर पुस्तकालय

- 1960 के दशक में लविवि के छात्र रहे प्रो. कर्मेंदर ने कहा कि उस समय विधि में प्रवेश का ढंग ही अलग था। विद्यालय का बरसों पुराना वह पुस्तकालय भी पीपलों शोभायित्री की छाया टेकर कुर्सी मिलती थी। टैगोर पुस्तकालय सर्वोत्तम पुस्तकालय हुआ करता था।

केवल नोट्स तैयार करना ही अहम नहीं

- पूर्व कुलपति अनिल सुकला ने कहा कि छात्र में यह भाव नहीं रहना चाहिए कि केवल नोट्स तैयार करने से ही सफलता मिलेगी। विधि में सफलता मिलेगी। विधि में सफलता मिलेगी। उन्होंने अपने में कैसे हो इसे भी समझना है।

AMRIT VICHAR

लखनऊ विश्वविद्यालय 30 वर्ष बाद क्वार्टर फाइनल में

- आदि आदेश शुक्ला ने तीन विकेट चटकाए और लगाया अर्द्धशतक
- एचपीयू, एमडीयू रोहतक और सीजीसी की टीमें भी अंतिम आठ में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम। ● अमृत विचार

अमृत विचार: आदि आदेश शुक्ला के ऑलराउंड प्रदर्शन के चलते मेजबान लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम 30 साल बाद नाथ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। प्री क्वार्टर फाइनल मैच में उसने मंगलवार को मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी को नौ विकेट से पराजित किया। इससे पहले टीम ने 1996 में हरियाणा के सिरसा में कप्तान कनौजिया के नेतृत्व में क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में एचपी यूनिवर्सिटी, एमडीयू रोहतक और सीजीसी यूनिवर्सिटी ने भी जीत दर्ज की।

एलयू के परांजपे क्रिकेट मैदान पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी की टीम 17.1 ओवर 92 रन पर सिमट गई। दीपांशु शर्मा (26), शिवम चौधरी (27) और हर्षित नामदेव (18) ने कुछ संघर्ष किया। खविवि के आदि आदेश ने 3.1 ओवर में चार रन देकर तीन विकेट झटके। शिवम सिंह को भी तीन विकेट मिले। जवाब में एलयू ने एक विकेट पर 10 ओवर में 93 रन बना लिए। आदि आदेश ने 33 गेंदों पर नाबाद 50, यशवर्धन सिंह ने नाबाद 20 और मोहम्मद अल्लमश मिर्जा ने 14 रन की पारी खेली।

आरएसजी मैदान पर एचपी यूनिवर्सिटी ने पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला को 10 विकेट से हराया। पंजाबी यूनिवर्सिटी ने छह विकेट पर 150 रन बनाए। जवाब में ध्रुव सिंह के 43 गेंदों पर नाबाद 112 और सुकृत शर्मा के नाबाद 34 रन की बदौलत एचपीयू ने 11.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। एमडीयू रोहतक ने सीएसजेएम कानपुर को 60 रन से हराया। एमडीयू ने पांच विकेट पर 168 रन बनाए, जिसमें प्रथम एस के 54 रन शामिल रहे। जवाब में सीएसजेएम की टीम सात विकेट पर 108 रन ही बना सकी।

सीजीसी यूनिवर्सिटी ने कश्मीर यूनिवर्सिटी को 56 रन से शिकस्त दी। सीजीसी ने आठ विकेट पर 173 रन बनाए। नमन वर्मा ने 69 रन बनाने के साथ दो विकेट भी लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कश्मीर की पूरी टीम 117 रन पर आउट हो गई।



UNIVERSITY NEWS 25 NOVEMBER 2026

I NEXT

106 साल का सफर, अब रिसर्च इनोवेशन में दिखाना होगा दम

25 नवंबर को लखनऊ यूनिवर्सिटी का 106वां स्थापना दिवस

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (24 Nov): 25 नवंबर को लखनऊ यूनिवर्सिटी अपना 106वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है. एक सदी से अधिक का सफर तय कर चुका यूनिवर्सिटी अपनी उपलब्धियों और गौरवशाली इतिहास के साथ नए दौर में प्रवेश कर रहा है. हालांकि, स्थापना दिवस केवल उपलब्धियों को याद करने का अवसर नहीं, बल्कि यह आकलन करने का भी समय है कि बदलती शिक्षा व्यवस्था और तकनीक के दौर में यूनिवर्सिटी कितना आगे बढ़ सकी है.



106 वर्षों में बनाई खास पहचान

106 वर्षों में एलयू ने शिक्षा, प्रशासन, विज्ञान, साहित्य, कला और खेल के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है. यहां से पढ़कर निकले स्टूडेंट्स ने देश और विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं. यूनिवर्सिटी की पहचान केवल डिग्रियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसने समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले लोगों की कई पीढ़ियां तैयार की हैं. शोध के क्षेत्र में भी यूनिवर्सिटी के सामने नई संभावनाएं हैं. कई विभागों में आधुनिक प्रयोगशालाओं, शोध उपकरणों और तकनीकी संसाधनों के विस्तार की दिशा में काम हुआ है. विज्ञान से लेकर सामाजिक विज्ञान तक शोध की गुणवत्ता बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं.

219.01 एकड़ में फैला है यूनिवर्सिटी

सुविधाओं के साथ छात्रों की अपेक्षाएं बढ़ी

पुराने और नए परिसर की तुलना करें तो बुनियादी सुविधाओं के विस्तार में अंतर साफ दिखाई देता है. यूनिवर्सिटी के आधिकारिक रिकार्ड्स के मुताबिक, 219.01 एकड़ में फैले दोनों परिसरों में 13 संकाय, 51 विभाग और 16 संस्थान एवं केंद्र संचालित हैं. पिछले वर्षों में नए अकादमिक ब्लॉक, ऑडिटोरियम, केंद्रीय कंप्यूटर सेंटर, पुस्तकालय और प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण पर काम हुआ है. इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी संकाय, योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा संकाय और एंथ्रोपोलॉजी विभाग का जनजातीय संग्रहालय भी इस विस्तार का हिस्सा है. हालांकि, सुविधाओं का विस्तार होने के बावजूद छात्रों की अपेक्षाएं बढ़ी हैं. कैंपस में डिजिटल संसाधनों, बेहतर वाई-फाई, स्वच्छता, छात्र सुविधाओं और आधुनिक शोध उपकरणों की उपलब्धता को लगातार बेहतर बनाने की जरूरत है. खासकर पुराने परिसर की ऐतिहासिक इमारतों और नए परिसर की आधुनिक सुविधाओं के बीच संतुलन बनाना बड़ी चुनौती है.

पूर्व छात्रों ने बढ़ाया देश में मान

यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्रों की उपलब्धियों की फेहरिस्त काफी लंबी है. पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, डॉ. राजीव कुमार, क्रिकेटर सुरेश रैना और आरपी सिंह, गायिका मालिनी अवस्थी और भजन गायक अनूप जलोटा जैसे नाम इस सूची में शामिल हैं. यूनिवर्सिटी के पूर्व स्टूडेंट्स को प्रतिष्ठित पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री सम्मान मिल चुके हैं, साथ ही बीसी रॉय और शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कारों से भी नवाजे गए हैं.

ऐतिहासिक भवनों का संरक्षण जरूरी

यूनिवर्सिटी की ऐतिहासिक धरोहरें भी इसकी पहचान का अहम हिस्सा हैं. स्थापना दिवस पर प्रस्तावित हेरिटेज वॉक और 106 वर्षों की उपलब्धियों को समेटने वाली हिस्टोरिकल गैलरी की योजना इस विरासत को नई पीढ़ी से जोड़ने की पहल है, लेकिन केवल आयोजन पर्याप्त नहीं होगा. ऐतिहासिक भवनों का नियमित रखरखाव, वैज्ञानिक तरीके से संरक्षण और उनके इतिहास का दस्तावेजीकरण भी जरूरी है.



लखनऊ यूनिवर्सिटी के 106 वर्षों की यह यात्रा केवल समय का एक पड़ाव नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में हमारे अनगिनत वैज्ञानिकों, खिलाड़ियों और प्रशासकों के योगदान का जीवंत प्रमाण है. हमारी विरासत जितनी गौरवशाली है, भविष्य की जिम्मेदारियां उतनी ही बड़ी हैं. आज हमारे सामने मुख्य लक्ष्य अपनी ऐतिहासिक धरोहरों की मूल आत्मा को सुरक्षित रखते हुए, परिसर को आधुनिक शोध (रिसर्च), नवाचार (इनोवेशन) और विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करना है, ताकि एलयू आने वाली पीढ़ियों के लिए भी ज्ञान का प्रकाश स्तंभ बना रहे.

प्रो. जेपी सैनी, वीसी एलयू

संबद्ध महाविद्यालयों में 28 तक स्व-गणना

LUCKNOW: जनगणना-2027 के तहत लखनऊ युनिवर्सिटी से संबद्ध जिले के महाविद्यालयों में 25 से 28 नवंबर तक स्व-गणना कराई जाएगी. इसके तहत सभी महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी करनी होगी. महाविद्यालयों को संलग्न तिथि सूची के आधार पर निर्धारित दिन स्व-गणना सुनिश्चित करानी होगी. लुआक्टा की महामंत्री डॉ. अंशु केडिया ने बताया कि सभी महाविद्यालयों को निर्धारित प्रारूप में स्व-गणना से संबंधित सूचनाएं 28 नवंबर तक ई-मेल के माध्यम से भेजनी होंगी. इसके लिए nodallu.se@gmail.com ई-मेल जारी किया गया है.

NBT

● लखनऊ विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक संध्या, मालवीय सभागार, विश्वविद्यालय परिसर, शाम 4 बजे।

AMRIT VICHAR

● लखनऊ विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में शीर्ष पदों पर विराजमान पूर्व छात्रों का सम्मान व अन्य कार्यक्रम- 4:00 बजे से।

NBT

आदि आदेश चमके, 30 साल बाद क्वॉर्टर फाइनल में पहुंची LU



■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट में लखनऊ यूनिवर्सिटी (एलयू) ने मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी को नौ विकेट से हराकर क्वॉर्टर फाइनल में जगह बना ली। टीम करीब तीन दशक बाद अंतिम आठ में पहुंची है। इससे पहले 1996 में कप्तान कनौजिया की अगुवाई में एलयू ने क्वॉर्टर फाइनल खेला था। मंगलवार को एचपी यूनिवर्सिटी, एमडीयू रोहतक और सीजीसी यूनिवर्सिटी ने भी अंतिम आठ में प्रवेश किया। परांजपे क्रिकेट मैदान पर मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी की टीम 17.1 ओवर में 92 रन पर सिमट गई। शिवम चौधरी ने 27, दीपांशु शर्मा ने 26 और हर्षित नामदेव ने 18 रन बनाए। एलयू के आदि आदेश शुक्ला ने चार रन देकर तीन विकेट झटके, जबकि शिवम सिंह ने 23 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एलयू ने 10 ओवर में एक विकेट पर 93 रन बनाकर जीत दर्ज की। आदि आदेश ने नाबाद 50 और यशवर्धन सिंह ने नाबाद 20 रन बनाए। अन्य मुकाबलों में एचपी यूनिवर्सिटी ने ध्रुव सिंह (नाबाद 112) की पारी से पंजाबी यूनिवर्सिटी को 10 विकेट से हराया। एमडीयू रोहतक ने प्रथम एस (54 रन, दो विकेट) के ऑलराउंड प्रदर्शन से सीएसजेएम कानपुर को 60 रन से मात दी।

एचपी यूनिवर्सिटी, एमडीयू रोहतक और सीजीसी यूनिवर्सिटी भी अंतिम आठ में

सिटी स्प

I NEXT

साहित्य, संस्कृति, स्मृतियों का संगम

106वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजन

LUCKNOW (24 Nov): लखनऊ यूनिवर्सिटी कैंपस में जब पुराने छात्रों का मिलन हुआ तो किस्सों का ऐसा पिटारा खुला कि कोई भावुक हो गया तो किसी के चेहरे पर हंसी तैर गई. एलयू के 106वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर मंगलवार को मालवीय सभागार में साहित्य, संस्कृति और स्मृतियों का संगम देखने को मिला. पद्मश्री लोक गायिका मालिनी अवस्थी की मौजूदगी में आयोजित समारोह में एलयू के एलुमनाई शिक्षा और पत्रकारिता जगत की 13 विभूतियों को सम्मानित किया गया. इसके बाद कवि सम्मेलन और मुशायरे में रचनाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से उत्साह के रंग भरे. कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ. मुख्य अतिथि पद्मश्री मालिनी अवस्थी का कुलपति ने स्वागत किया. सम्मानित होने वाली शिक्षा जगत की विभूतियों में कुमाऊं विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. सीपी बर्थवाल, डा. रामभनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. बलराज चौहान, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. मनोज दीक्षित, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. अनिल कुमार शुक्ला और दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. पूनम टंडन शामिल रहीं.

NBT

मंच पर सजे LU के किस्से, आंखों में चमके पुराने दिन



विवि के 106वें स्थापना दिवस पर पुरातन छात्र सम्मान समारोह में पूर्व छात्रों ने साझा किए छात्र जीवन के अनमोल पल, भावुक हुए कई चेहरे

लोक गायिका मालिनी अवस्थी और कुलपति ने 13 शिक्षाविदों और पत्रकारों को किया सम्मानित

■ **NBT न्यूज, लखनऊ**

लखनऊ विश्वविद्यालय में 106 वें स्थापना दिवस पर मंगलवार को हुए पुरातन छात्र सम्मान समारोह में अल्मनाई ने मंच से यूनिवर्सिटी के दिनों के किस्से सुनाए तो कोई हंसी न रोक पाया।

मालवीय सभागार में मंच पर सम्मानित होने आए पूर्व छात्र और कुमाऊं यूनिवर्सिटी के वीसी रह चुके प्रो. सीपी बर्थवाल ने बताया कि हॉस्टल के दिनों में जब वह मेस के खाने से ऊब जाते तो डिस्पेंसरी में डॉक्टर साहब काम आते थे। पेट दर्द और तमाम बीमारियों का बहाना बना पर्चे पर स्पेशल डाइट लिखवाई जाती थी, जिसके बाद हॉस्टल में दो गिलास दूध, बन मक्खन और ऑमलेट खाने को मिलता था। हजरतगंज घूमने के लिए चार आने में किराए पर साइकल लेते थे। दूसरे सत्र में मंच पर पत्रकारिता जगत के दिग्गजों का सम्मान किया गया। लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी और वीसी प्रो. जेपी सैनी ने वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष शुक्ला, मनीष श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार, प्रांशु मिश्रा, भूपेंद्र पांडेय और राजन परिहार सहित शिक्षाविदों को सम्मानित किया।

जिसके नोट्स से पढ़े, वह थर्ड और हम फर्स्ट डिवीजन

कार्यक्रम में भाषा विवि और महर्षि दयानंद सरस्वती विवि के वीसी रह चुके पूर्व छात्र प्रो. अनिल शुक्ला ने कहा कि जब वह पहली बार गांव से यूनिवर्सिटी पढ़ने आए तो उन्हें लगा वह किसी दूसरी दुनिया में आ गए हैं। पहले साल एग्जाम में उन्होंने जिनके नोट्स से पढ़ाई की थी, उनका रिजल्ट थर्ड डिवीजन और स्वयं का फर्स्ट डिवीजन आया। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक सफलता केवल नोट्स तैयार करने तक सीमित नहीं है बल्कि अपने ज्ञान को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना है। समारोह में कुलपति रहे मनोज दीक्षित, प्रो. पूनम टंडन और प्रो. बलराज चौहान को पूर्व छात्र के तौर पर सम्मानित किया गया।

गीतों ने बांधा समां

सम्मान समारोह के बाद हुए कवि सम्मेलन में शायरों और कवियों ने समां बांध दिया। संचालन डॉ. नायर जलालपुरी ने किया। छात्रा अंशु प्रिया दुबे ने मां शारदे की वंदना और बेटियों पर कविता सुनाई, फूल हैं जरूरी तो तितलियां जरूरी हैं...सुनकर सभागार भावुक हो गया। आईएएस अधिकारी, कवि और संगीतकार डॉ. हरिओम ने सुनाया...मैं तेरे प्यार का मारा हुआ हूं, सिकंदर हूं मगर हारा हुआ हूं। पंकज प्रसून ने एलयू की विरासत पर रचना सुनाई...ज्ञान से बोलो, गर्व से बोलो-अपना एलयू जिंदाबाद! पर खूब तालियां बनीं। हसन काजमी की उर्दू शायरी और डॉ. नायर जलालपुरी के शेरों ने भी महफिल लूट ली।

DAINIK JAGRAN

किस्सों की खुली किताब तो पन्नों ने पलटीं यादें

106वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर शिक्षा व पत्रकारिता जगत की 13 विभूतियां सम्मानित

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में जब पुराने छात्रों का मिलन हुआ तो किस्सों का ऐसा पिटारा खुला कि कोई भावुक हो गया तो किसी के चेहरे पर हंसी तैर गई। यादों की हवा रह-रहकर हर झरोखे से आकर छूने लगी। लखनऊ विश्वविद्यालय के 106वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर मंगलवार को मालवीय सभागार में साहित्य, संस्कृति और स्मृतियों का संगम देखने को मिला। पद्मश्री लोक गायिका मालिनी अवस्थी की मौजूदगी में आयोजित समारोह में लवि के एलुमनाई शिक्षा और पत्रकारिता जगत की 13 विभूतियों को सम्मानित किया गया। इसके बाद कवि सम्मेलन और मुशायरे में रचनाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से उत्साह के रंग भरे।

कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि पद्मश्री मालिनी अवस्थी का कुलपति ने स्वागत किया। सम्मानित होने वाली शिक्षा जगत की विभूतियों में कुमाऊं विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. सीपी बर्थवाल, डा. रामभनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. बलराज चौहान, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. मनोज दीक्षित, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. अनिल कुमार शुक्ला और दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. पूनम टंडन शामिल रहीं।



स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करती पद्मश्री मालिनी अवस्थी, साथ में कुलपति प्रो. जेपी सैनी व अन्य • लवि

ये दौलत भी ले लो, ये शोहरत भी ले लो... : प्रो. बलराज चौहान ने विश्वविद्यालय के दिनों को याद करते हुए कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय की छाप हर जगह दिखाई देती है। उन्होंने 'ये दौलत भी ले लो, ये शोहरत भी ले लो' गीत से छात्र जीवन की यादें ताजा कीं। प्रो. मनोज दीक्षित ने कहा कि उनकी व्यावसायिक उपलब्धियों की नींव इसी विश्वविद्यालय में पड़ी। प्रो. अनिल कुमार शुक्ला ने भावुक होते हुए कहा, 'खुशी ऐसी भी होगी, यह कभी सोचा न था।' उन्होंने बताया कि गांव से आकर इसी विश्वविद्यालय में पढ़ाई करने और यहां मिले संस्कारों ने उन्हें आगे बढ़ने का अवसर दिया। वहीं, प्रो. पूनम टंडन ने विश्वविद्यालय से अपने करीब चार दशक पुराने जुड़ाव को याद किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष शुक्ला, मनीष श्रीवास्तव, प्रांशु मिश्रा, प्रवीण कुमार, भूपेंद्र पांडेय और राजन परिहार को भी सम्मानित किया गया। पूर्व छात्र संघ के संयोजक प्रो. ध्रुव सेन ने कहा कि पूर्व छात्रों को सम्मानित करने की पहल से विश्वविद्यालय और उसके पुरा छात्रों के बीच संबंध मजबूत होंगे।

बेटियों की अहमियत से लवि की विरासत तक : कवि सम्मेलन और मुशायरे में साहित्य के विविध रंग देखने को मिले। छात्र अंशु प्रिया दुबे, पंकज प्रसून, हसन काजमी, प्रशासनिक अधिकारी डा. हरिओम और समीर सैर सहित कई रचनाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से मंत्रमुग्ध किया। संचालन डा. नायर जलालपुरी ने किया। शुरुआत अंशु प्रिया दुबे ने मां शारदे की वंदना से की। इसके बाद बेटियों की अहमियत पर केंद्रित 'बूढ़ी मां को बेटों ने घर से जब निकाला, तो आंसुओं ने समझाया, बेटियां जरूरी हैं' कविता पढ़ी। डा. हरिओम ने 'मैं तेरे प्यार का मारा हुआ हूं, सिकंदर हूं मगर हारा हुआ हूं' पंक्तियों के माध्यम से प्रेम व जीवन के संघर्षों को स्वर दिया। डा. नायर जलालपुरी ने लखनऊ की सांस्कृतिक पहचान पर रचना सुनाई। पंकज प्रसून की पंक्तियां 'ज्ञान, कर्म और राष्ट्रभक्ति का यह एक प्यारा मंदिर है, शान से बोलो, गर्व से बोलो-अपना एलयू जिंदाबाद' पर सभागार तालियों से गूंज उठा। हसन काजमी और समीर सैर ने भी अपनी रचनाओं से श्रोताओं को बांधे रखा।

AMAR UJALA

2047 तक ज्ञान का अंतरराष्ट्रीय केंद्र बनेगा लविवि

106वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर बोले कुलपति- परंपराओं को सहेजते हुए एआई, हरित तकनीक और शोध पर फोकस



लखनऊ विश्वविद्यालय कल, आज और कल

अभिषेक सहज

लखनऊ। 106 साल की गौरवशाली विरासत को समेटे लखनऊ विश्वविद्यालय अब भविष्य की चुनौतियों के लिए खुद को तैयार कर रहा है। स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर अमर उजाला से खास बातचीत में कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि 2047 तक लविवि को एआई, हरित तकनीक और भौतिक अनुसंधान के क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाया है। उन्होंने कहा कि 2047 तक लखनऊ विश्वविद्यालय ज्ञान व नवाचार का अंतरराष्ट्रीय केंद्र बनेगा।



कुलपति प्रो. जेपी सैनी

विश्वविद्यालय के 106वें स्थापना दिवस के मौके पर कुलपति ने कहा कि संस्थान अपनी परंपराओं को सहेजते हुए आधुनिक शिक्षा और तकनीक की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर पर एआई चार आंतर अनिवार्य किया गया है। 21,268 विद्यार्थियों के आईडी कार्ड डिजिलॉकर पर उपलब्ध कराने वाला यह देश का पहला राज्य विश्वविद्यालय बना है।

डिग्री के साथ रोजगारपरक शिक्षा पर जोर

- कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों को नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनाने की दिशा में काम हो रहा है। इसके लिए माइक्रोसॉफ्ट, इन्वेस्ट यूपी, नाइलिट और हार्वर्ड किलनेस पॉलिसीटर से साझेदारी की गई है।
- चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में ऑनर्स विद एडवांसिपोलिटिक्स और अप्रेंटिसिपल एमबेडेड डिग्री प्रोग्राम भी शुरू किया गया है।

भर्ती प्रक्रिया जारी, नए छात्रावासों की तैयारी

- शिक्षकों के रिक्त पदों पर कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय भर्ती प्रक्रिया संचालन है। विधि संकाय में 17 नए शिक्षक पदों को मंजूरी मिली है, जबकि 185 शिक्षकों की पदोन्नति की गई है। वीसिए शिक्षकों का नवरात्रि बढ़ाकर 37,700 रुपये किया गया है। छात्रावासों के स्थापन पर उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के सभी 17 छात्रावासों की 2946 सीटों का अधिकतम आवंटन किया गया है। पीएफ ऊपर के स्तर पर कमरों का निर्माण हो रहा है और नए छात्रावासों का प्रस्ताव भी तैयार किया जा रहा है।



पूर्व छात्र बोले...मां की गोद में लौटने जैसा है विवि आना

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के 106वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर मंगलवार को मालवीय सभागार में साहित्य, संस्कृति और पुरानी यादों का अद्भुत संगम देखने को मिला। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों का सम्मान हुआ। इस दौरान किसी ने अपने शिक्षक को याद किया तो किसी ने परिवार में विस्तार दिनों के किस्से सुनाए।

किसी के लिए अपने संस्थान में लौटना मां की गोद में वापस आने जैसा था तो किसी ने इसे अपनी पहचान की जड़ों से जुड़ने का अवसर बताया। पद्मश्री लोक गायिका मालिनी अवस्थी की मौजूदगी में आयोजित समारोह में शिक्षा और पत्रकारिता जगत की 13 विभूतियों को सम्मानित किया गया। इसके बाद कवि सम्मेलन और मुशायरे का आयोजन हुआ। कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी की अध्यक्षता और मुख्य अतिथि पद्मश्री मालिनी अवस्थी की मौजूदगी में आयोजित समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और विश्वविद्यालय के कुलपति से हुआ।

पूर्व छात्र संघ के संयोजक प्रो. ध्रुव सेन ने कहा कि पूर्व छात्रों को सम्मानित करने की पहल से विश्वविद्यालय और उसके पुरा छात्रों के बीच संबंध मजबूत होंगे।

आंसुओं ने समझाया, बेटियां जरूरी हैं...



हसन काजमी

- इन्हें किया गया सम्मानित : संस्थान समारोह में कुमाऊं विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. सीपी बर्थवाल, पारिवारिक राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जबलपुर के संस्थापक कुलपति एवं आरएसएसएसएलयू के पूर्व कुलपति प्रो. बलराज चौहान, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. मनोज दीक्षित, प्रो. अनिल कुमार शुक्ला और दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. पूनम टंडन को सम्मानित किया गया। पत्रकारिता जगत से वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष शुक्ला, मनीष श्रीवास्तव, प्रांशु मिश्रा, प्रवीण कुमार, भूपेंद्र पांडेय और राजन परिहार को सम्मानित किया गया।

- स्थापना दिवस आज, क्वॉटर फाइनल होने मुख्य अतिथि : लखनऊ विवि के स्थापना दिवस आयोजन पर मुख्यतः की मालवीय सभागार में साथ पहले चार बजे तक कुलपति प्रो. जेपी सैनी की अध्यक्षता और मुख्य अतिथि भारतवर्ष संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मनोज दीक्षित की मौजूदगी में सांस्कृतिक संध्या सजेगी। इसके बाद शाम पांच से 7:30 बजे तक उपकुलपतियों क्रमांक पाठक के मुख्य आतिथ्य में मुख्य स्थापना दिवस समारोह का आयोजन होगा। इस बीच पर देश के शीर्ष प्रशासनिक, नवीनक, सेना व कॉर्पोरेट जगत के विशिष्ट पूर्व छात्रों का सम्मान समारोह होगा।

DAINIK JAGRAN

संबद्ध महाविद्यालयों में 28 तक चलेगी स्व-गणना

लखनऊ : जनगणना-2027 के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध जिले के महाविद्यालयों में 25 से 28 नवंबर तक स्व-गणना कराई जाएगी। इसके तहत सभी महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। लवि के स्व-गणना नोडल अधिकारी डा. रमेश कुमार त्रिपाठी ने इस संबंध में सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों और नोडल अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। लुआक्टा की महामंत्री डा. अंशु केडिया ने बताया कि सभी महाविद्यालयों को निर्धारित प्रारूप में स्व-गणना से संबंधित सूचनाएं ई-मेल nodallu.se@gmail.com ई-मेल पर भेजनी हैं। वि.

30 वर्ष बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंची लखनऊ विश्वविद्यालय टीम

लखनऊ : नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट 2026-27 में मेजबान लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) ने इतिहास रच दिया। आदि आदेश शुक्ला की बदौलत लवि ने मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी को नौ विकेट से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। खास बात यह है कि लवि की टीम करीब तीन दशक बाद इस प्रतियोगिता के अंतिम आठ में पहुंची है। मंगलवार को खेले गए अन्य प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में एचपी यूनिवर्सिटी, एमडीयू रोहतक और सीजीसी यूनिवर्सिटी ने भी जीत दर्ज कर अंतिम आठ में जगह बनाई।

लवि के परांजपे क्रिकेट मैदान पर मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.1 ओवर में 92 रन पर सिमट गई। दीपांशु शर्मा ने 26, शिवम चौधरी ने 27 और हर्षित नामदेव ने 18 रन बनाए। लवि के शिवम सिंह और आदि आदेश शुक्ला ने तीन-तीन विकेट हासिल किए। आदि ने 3.1 ओवर में महज चार रन दिए। जवाब में लवि ने 10 ओवर में एक विकेट पर 93 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। आदि आदेश ने 33 गेंदों पर चार चौके और दो छक्कों की मदद से नाबाद 50 रन बनाए। यशवर्धन सिंह ने नाबाद 20 और मोहम्मद अल्तमश मिर्जा ने 14 रन बनाए। आरएसजी क्रिकेट मैदान पर एचपी यूनिवर्सिटी ने पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला को 10 विकेट से हराया। पंजाबी यूनिवर्सिटी ने छह विकेट पर 150 रन बनाए। जवाब में एचपी ने 11.5 ओवर में बिना विकेट खोए 151 रन बना लिए। (वि.)

AMAR UJALA

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने मुकाबला जीत अंतिम आठ में किया प्रवेश

माई सिटी रिपोर्टर

नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट में मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी को नौ विकेट से हराया

लखनऊ। आदि आदेश शुक्ला के शानदार हरफनमौला प्रदर्शन से मेजबान लखनऊ यूनिवर्सिटी ने नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। टीम ने मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी को नौ विकेट से हराया। लखनऊ यूनिवर्सिटी करीब तीन दशक बाद इस प्रतियोगिता के अंतिम आठ में पहुंची है।

मंगलवार को खेले गए अन्य प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में एचपी यूनिवर्सिटी, एमडीयू रोहतक और सीजीसी यूनिवर्सिटी ने भी जीत दर्ज की। इन टीमों ने भी क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनाई। परांजपे क्रिकेट मैदान पर लखनऊ यूनिवर्सिटी ने आदि आदेश शुक्ला (तीन विकेट, नाबाद 50 रन) के प्रदर्शन से मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी को पराजित किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी 17.1 ओवर में 92 रन पर सिमट गई। जवाब में लखनऊ यूनिवर्सिटी ने 10 ओवर में एक विकेट पर 93 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। आदि आदेश ने 33 गेंदों पर नाबाद 50 रन बनाए। लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम इससे पहले 1996 में क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थी।

दूसरे प्री-क्वार्टर फाइनल में एचपी यूनिवर्सिटी ने पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला को 10 विकेट से शिकस्त दी। ध्रुव सिंह ने 43 गेंदों पर नाबाद 112 रन का तूफानी शतक लगाया। पंजाबी यूनिवर्सिटी ने 20 ओवर में छह विकेट पर 150 रन बनाए थे। जवाब में एचपी यूनिवर्सिटी ने 11.5 ओवर में बिना विकेट खोए 151 रन बनाकर जीत दर्ज की। तीसरे मुकाबले में एमडीयू रोहतक ने सीएसजेएम कानपुर यूनिवर्सिटी को 60 रन से हराया।

एमडीयू ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 168 रन बनाए, जिसमें प्रथम एस ने 54 रन और दो विकेट का योगदान दिया। जवाब में सीएसजेएम की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 108 रन ही बना सकी। चौथे मुकाबले में सीजीसी यूनिवर्सिटी ने कश्मीर यूनिवर्सिटी को 56 रन से हरा अंतिम आठ में प्रवेश किया। सीजीसी ने नवरा वर्मा के 69 रन और दो विकेट की मदद से 20 ओवर में 173 रन बनाए थे।

HINDUSTAN

लखनऊ यूनिवर्सिटी तीन दशक बाद क्वार्टर में

लखनऊ। आदि आदेश शुक्ला के धनाकेदार प्रदर्शन की बदौलत मेजबान लखनऊ यूनिवर्सिटी ने मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी को नौ विकेट से हराकर नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। लखनऊ यूनिवर्सिटी की टीम करीब तीन दशक बाद इस प्रतियोगिता के अंतिम आठ में पहुंची है। मंगलवार को खेले गए अन्य प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में एचपी यूनिवर्सिटी एमडीयू रोहतक और सीजीसी यूनिवर्सिटी ने भी क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

HINDUSTAN

विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस समारोह का भव्य आगाज, कवि सम्मेलन में गूंजीं कविताएं

एलयू में पूर्व विद्यार्थियों का सम्मान

आयोजन

लखनऊ,प्रमुख संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के 106वें स्थापना दिवस एवं पूर्व छात्र मिलन समारोह का मंगलवार को ऐतिहासिक मालवीय सभागार में भव्य शुभारंभ हुआ। स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित समारोह में विशिष्ट पूर्व छात्र सम्मान समारोह के साथ कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने की, जबकि पद्मश्री सम्मान से अलंकृत प्रसिद्ध लोक गायिका मालिनी अवस्थी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं विश्वविद्यालय के कुलगीत की प्रस्तुति के साथ हुआ। इस अवसर पर शिक्षा, प्रशासन और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 13 विशिष्ट विभूतियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित पूर्व छात्रों में प्रो. सी.पी. बर्थवाल, प्रो. बलराज चौहान, प्रो. मनोज दीक्षित, प्रो. अनिल कुमार शुक्ला और प्रो. पूनम टंडन सहित अन्य प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल रहीं।

पूर्व छात्रों ने विश्वविद्यालय से जुड़ी यादें साझा कीं और संस्थान को जीवन की आधारशिला बताया। प्रो. बलराज चौहान ने कहा कि एलयू की छाप हर जगह है। वक्ताओं ने विश्वविद्यालय की गौरवशाली शैक्षणिक परंपरा और कुलपति द्वारा शिक्षकों की पदोन्नति को गति देने की पहल की सराहना की। हिंदुस्तान टाइम्स के रेजिडेंट एडिटर एवं विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र प्रांशु मिश्रा समेत पत्रकारिता जगत से जुड़े दिग्गजों



लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार को स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया।

13 विशिष्ट पूर्व छात्रों को किया गया सम्मानित

106 वें स्थापना दिवस पर आज होंगे विभिन्न आयोजन

- पद्मश्री लोकगायिका मालिनी अवस्थी मुख्य अतिथि रहीं

को भी सम्मानित किया गया। उन्होंने एलयू को विचारों की प्रयोगशाला बताते हुए कहा कि संस्थान ने विभिन्न विचारधाराओं और दृष्टिकोणों को स्थान दिया है। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण कवि सम्मेलन एवं मुशायरा रहा। इसमें पद्मश्री मालिनी अवस्थी, पंकज प्रसून, हसन काजमी, डॉ. हरिओम, डॉ. नायर जलालपुरी, समीर सैर और छात्रा अंशु प्रिया दुबे सहित कई रचनाकारों ने काव्यपाठ किया।

आज सजेंगे संस्कृति के रंग

लखनऊ,प्रमुख संवाददाता। एलयू में आज 106वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मालवीय सभागार में दो चरणों में कार्यक्रम होंगे। पहले चरण में शाम 4:00 से 5:00 तक सांस्कृतिक संध्या होगी, शाम 5:00 से 7:30 बजे तक मुख्य स्थापना दिवस समारोह एवं पूर्व छात्र सम्मान समारोह संपन्न होगा।

सांस्कृतिक संध्या की अध्यक्षता कुलपति प्रो. जेपी सैनी करेंगे। भातखंडे की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह के मुख्य आतिथ्य में सांस्कृतिक संध्या होगी। मुख्य स्थापना दिवस समारोह में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। देश के महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत विश्वविद्यालय के नौ प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों को सम्मानित किया जाएगा।

इनमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, भारत सरकार के संयुक्त सचिव अनुपम कुमार, परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय के निदेशक धीरज पान्डे, आईआईटी बॉम्बे के प्रो. राहुल पुरवार, महावीर चक्र विजेता कमांडर अरविन्द सिंह, ओएनजीसी के मुख्य महाप्रबंधक मनीष शुक्ला, उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति बृजराज सिंह, अदाणी एंटरप्राइजेज के उपाध्यक्ष आनन्द सिंह विशेन तथा विशेष सचिव विशाल भारद्वाज शामिल हैं।